


नवभारत 04
सतना, गुरुवार, 25 दिसम्बर, 2025

# अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान ने मनाया राष्ट्रीय किसान दिवस






नवभारत न्यूज

**बरौंधा 24 दिसम्बर। अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान चित्रकूट के सहायतित इंडस इंड बैंक और सृजन के सहयोग से राष्ट्रीय किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत मझगवां के ग्राम पंचायत झरी के गौशाला परिसर में किया गया। जिसमे 40 गांवों के 300 महिला-पुरुष किसान परिवारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चित्रकूट कामदगिरि प्रथम मुखारबिंद के संत डॉ.मदन गोपाल दास रहे एवं अध्यक्षता ग्रामोदय विश्व विद्यालय चित्रकूट के पूर्व संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष लल्लूराम शुक्ला ने किया।**

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर समाज शिल्पी श्रीमती विजय लक्ष्मी तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर की गई। तदपश्चात मंचासीन अतिथियों के स्वागत परिचय के साथ ही राष्ट्रीय किसान दिवस कर्यक्रम मनाने का उद्देश्य एवं संस्थान के कामों की पृष्ठभूमि विस्तार परियोजना के समन्वयक देशराज ने रखी। संस्थान के मंत्री लल्लूराम शुक्ल ने बताया कि देश के 5 वें पूर्व प्रधानमंत्री रहे स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस को पूरे देश में 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है, क्यों कि इस धरती में किसान हमेशा से अन्नदाता रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने अपने उदबोधन में कहा कि संस्थान के द्वारा झरी गांव में कराए 3 चेकडेमों के मरम्मत निर्माण हो जाने से उनमें पानी का जल भराव हुआ है, जिससे सिंचाई के रूप में पानी का उपयोग इस वर्ष किसानों ने किया है। जिसका परिणाम ये रहा कि गांव के 101 परिवारों की 78 एकड़ भूमि में बोई गई सरसों की लहलहाती हुई फसल देखकर मन गदगद हो गया। संस्थान के संस्थापक गोपाल भाई ने अपने वक्तव्य में रासायनिक मुक्त प्राकृतिक खेती करने, जल संरक्षण, जल संवर्धन, और गौ आधारित खेती को बढ़ावा देने सहित अपनी जमीन को ऊसर होने से बचाने पर जोर दिया। उन्होंने 85 वर्षीय तेलाई चुवा निवासी बुजुर्ग बुलाकी बाबा का सम्मान करते हुए बताया कि उन्होंने अपने जीवन काल में 1000 से अधिक फलदार पौधों का रोपण कर प्रकृति को सजने संवारने का काम किया है जो हमें शुद्ध हवा के साथ ही प्राकृतिक सरंक्षण की प्रेरणा मिलती है। मुख्य अतिथि संत डॉ. मदनगोपाल दास ने अपने वक्तव्य मे कहा कि प्रकृति का गहना ही पेड़-पौधे और पशु-पक्षी हैं, जिनको सरंक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। जो काम बुलाकी बाबा ने किया है यह हम सबके लिए एक सीख और प्रेरणा हैं यह कार्य हम सबको करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोपाल भाई ने उ.प्र. कि सीमा से जुड़े म.प्र. के इस वनवासी अंचल के मझगवां क्षेत्र में काम की शुरूआत की है यह बहुत ही सुखद और सुनहरा अवसर है, अब हम सबको मिलकर इस सूखी धरती को हरा भरा कर हरियाली युक्त बनाने, पशुपालन को बढ़ावा देने का काम करना है। उन्होंने किसानों को गौ आधारित खेती करने, गौशालाओं को बढ़ावा देने सहित पशु पालकों को आगे चलकर पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि निरंजन जायसवाल, कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां से प्रतिनिधित्व कर रहे डॉ. सन्तप्रकाश त्रिपाठी, कृषि वैज्ञानिक डॉ.अजय चौरसिया आदि सभी ने अपने-अपने उदगार व्यक्त करते हुए संस्थान के द्वारा किए जा रहे कामों की सराहना की एवं उन हितैषी कामों में सहयोग करने का समर्थन दिया।

## कार्यक्रम में ये भी रहे मौजूद

विस्तार कार्यक्रम मझगवां के देशराज यादव, मनोज श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, शिवकुमार, बिंदा प्रसाद, सुधा सिंह सिंगरौल, अनुपम देवी वर्मा, सावित्री, राजकुमारी सिंह, नरेंद्र कुमार, पूनम मवासी, जनपद पंचायत सदस्य रामनारायण यादव सहित ग्रामीण क्षेत्र से आए सरपंच एवं सैकडों महिला-पुरुष किसानों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## कार्यक्रम में किया गया पुरस्कृत

संस्थान ने इतने कम समय में जिन परिणाम मूलक गतिविधियों से किसान परिवारों को जोड़ा और बेहतर परिणाम दे पाए ऐसे किसान परिवारों के अतिरिक्त अपनी कलम की ताकत से जन मुद्दों को उजागर करने वाले पत्रकार साथी जो कार्यक्रम में मौके में मौजूद रहे वरिष्ठ पत्रकार साथी सत्येन्द्र श्रीवास्तव दीपू, आर. के. सोनी, वीरेन्द्र गुप्ता, पंकज कुशवाहा, क्राई फैलो एवं सोशल एक्टिविस्ट आनंद मझगवां सहित बरौंधा क्षेत्र के अनुज आदि सभी को श्री फल साल देकर मंच में वरिष्ठ जनों के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अपनी लेखनी के धनी तथा प्रखर वक्ता के रूप में जाने जाने वाले अर्जुन जी चित्रकूट ने किया। अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान के निदेशक ने कार्यक्रम में आए सभी किसान भाइयों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए किसान दिवस कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।



# अज्ञात लोगों ने लगाई आग, घर ग्रहस्थी खाक

### चार बकरी के बच्चे जले, गाय को घायल किया

नवभारत न्यूज

**कोटर। ग्राम पंचायत देवरा क्र.1 के महादेवा गांव के हरिजन बस्ती निवासी ददन पिता छोटे हरिजन के घर में मंगलवार की बीती रात अज्ञात व्यक्तियों ने आग लगा दिया।**

आगजनी से घर ग्रहस्थी का सामान सहित तीन-चार बकरियों के बच्चे जलकर मर गए तथा कुछ झुलस गयीं यही नहीं घर के बाहर मड़ैया में बंधी गाय पर धारदार हथियार से कई बार किये गये जिससे गाय के सिर और गर्दन में गांव हो गये हैं। एक दिन पूर्व भी एक गाय को जहरीली सामग्री खिला कर मार दिया गया है। मामले की कोटर थाना में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई।

# भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं को सुनकर मंत्र मुक्त हुए श्रोता





नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 24 दिसम्बर। क्षेत्र के ग्राम तपा में अशीष सिंह अंबू के निवास में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण के पंचम दिवस में जगद्गुरु स्वामी रामललाचार्य जी ने व्यास पीठ से कहा कि देश की उन्नति का मार्ग गाय, गायत्री, गीता, गंगा और गोविंद के द्वारा ही पुष्ट होगा।**

ये हमारे सनातन धर्म के पंच महाप्राण स्वरूप हैं। गाय हमारी आध्यात्मिक और आर्थिक समृद्धि का प्रतीक है। गायत्री हमारे सनातन धर्म की उपासना पद्धति का प्रतीक है। गीता हमारे ज्ञान का प्रतीक है। गंगा हमारे संस्कारों और परंपराओं की मूल स्वरूप है। इन सभी का सार तत्व हैं गोविंद के चरणों में प्रीति हो जाना है, महाराज जी ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी चित्रण का वर्णन किया जिसे सुनकर मंत्र मुक्त हुए श्रोता, जगद्गुरु जी ने भगवान के नाम करण संस्कार, माखन चोरी प्रसंग एवं गोवर्धन पूजा भगवान श्री कृष्णा छप्पन भोग का वर्णन किया।

इस मौके पर, कथा श्रोता श्रीमती मीना- ब्रजेश प्रताप सिंह, विधायक विक्रम सिंह, पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सिंह राठौर, पत्रकार शैलेन्द्र निगम, पत्रकार संतोष सिंह बघेल, तरुणेन्द्र सिंह परिहार, श्री सूरज जी महाराज, अभिषेक सिंह, अशीष सिंह अंबू सौरव भोलू सिंह, विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी, अशोक सिंह पप्पू, अजीत सिंह, सुनील सिंह बघेल, अतुल सिंह भदोरिया, पुष्पेंद्र सिंह (एड), प्रदीप निगम (प्राचार्य) रामपाल सिंह परिहार डॉक्टर केशव त्रिपाठी, पार्षद शिवांक त्रिपाठी, भरत सिंह परिहार, सोनू सिंह बघेल, दीपक सिंह बघेल, सोनू शर्मा, अंकुश चौधरी, प्रियदर्शी त्रिपाठी, सरपंच विभोर सिंह परिहार, दिलीप सोनी राजेश प्रताप सिंह, सुशील सिंह, बबलू सिंह, अशोक सिंह, सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य पर वित्तीय घोटाले का आरोप

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 24 दिसम्बर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमरपाटन में अतिथि विद्वानों के भुगतान में गंभीर वित्तीय अनियमितता उजागर हुई है।**

सूत्रों के अनुसार, प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस. के. वर्मा ने आयुक्त के स्पष्ट आदेशों के बावजूद* नियमविरुद्ध भुगतान किया। मार्च, अप्रैल और मई माह में कई विद्वान महाविद्यालय से बाहर या अन्य स्थानों से चेक-आउट करने के बावजूद भुगतान प्राप्त कर चुके हैं। मुख्य तथ्य-श्री राकेश कोल- मार्च में 17 दिन, अप्रैल में 9 दिन, मई में 4 दिन महाविद्यालय से बाहर रहने के बावजूद भुगतान। श्री सतीश

> आयुक्त के आदेश के बावजूद भुगतान, अतिरिक्त संचालक की जवाबदेही सवालों में

विश्वकर्मा-कई तिथियों में सार्थक पोर्टल पर चेक-इन नहीं। गंगा साकेत- विभिन्न स्थानों से चेक-आउट दिखाने के बावजूद वास्तविक उपस्थिति नहीं। गंभीर सवाल-आयुक्त के आदेश हैं कि यह भुगतान नहीं किया जा सकता, फिर भी भुगतान कर दिया गया। इस मामले में अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, संभाग रीवा की जवाबदेही भी सवालों के घेरे में है। क्या अतिरिक्त संचालक इस नियमविरुद्ध भुगतान पर कार्रवाई करेंगे या सिर्फ मौन रहेंगे? अतिरिक्त जांच की आवश्यकता- वर्तमान में प्रभारी प्राचार्य के आगे-पीछे घूमने वाले कर्मचारी और विद्वानों की भी पूरी जांच* की जानी चाहिए। उनकी वास्तविक गतिविधियों और उपस्थिति की समीक्षा के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई और वित्तीय अनियमितताओं का पूरा चेहरा सामने आएगा। अमरपाटन महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य की भूमिका स्पष्ट रूप से नियमों की अवहेलना और जनभागीदारी मद के दुरुपयोग की श्रेणी में आती है। विभागीय जवाबदेही और उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच अब समय की सबसे बड़ी मांग बन गई है।

## एक नजर में




### नशा मुक्त भारत का लिया गया संकल्प

**रामनगर।** उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शा .महावि. न्यू रामनगर मैहर म.प्र. के प्राचार्य डॉ.एस .के .वर्मा के निर्देशानुसार एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एस. एस. गौतम के मार्गदर्शन में आज दिनांक 24 दिसंबर को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। संचालन डॉ संजय साकेत के द्वारा किया गया जिसमें अपने महाविद्यालय, परिसर अपने घर, परिवार, और समुदाय को नशा से दूरी बनाने के लिए संकल्पित नजर आए वहीं महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने भी शपथ लेकर खुद व देश की प्रगति को अवरुद्ध करने वाले नशे रूपी दानव से दूरी बनाने का संकल्प लिया।

### रनेही निवासी सुषमा सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक



**कोठी।** रनेही निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ अवधराज सिंह चंदेल की धर्मपत्नी श्रीमती सुषमा सिंह का विगत दिवस निधन हो जाने से क्षेत्र में शोक की लहर है। वे कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। यह समाचार सुनकर क्षेत्र में अत्यंत शोक की लहर व्याप्त है उनके ईस्ट मित्र स्नेही जन रिश्तेदार तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की हैं। पूर्व विधायक कल्पना वर्मा, डब्बू मिश्रा विनय सिंह यादवेंद्र सिंह अमित प्यासी बृजेश गर्ग सोनू धीरेंद्र सिंह उमेश सिंह पप्पू तिलक राज सिंह शैलेंद्र सिंह सहेंद्र सिंह विजय राज सिंह मनिंदर सिंह जीतू उमाशंकर पांडे सतीश पांडे राजा सहित सैकड़ो लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है साथ ही प्रभु से प्रार्थना की की दिवंगत आत्मा को ईश्वर अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं घर परिवार वालों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।




### प्रयोगशाला भवन एवं अतिरिक्त कक्षों का लोकार्पण

**नागौद।** वीरांगना अवंती बाई लोधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरवारा के प्रयोगशाला भवन एवं अतिरिक्त कक्षों का लोकार्पण रैगांव विधानसभा की विधायक प्रतिमा बागरी मंत्री मप्र शासन नगरीय आवास एवं विकास के कर कमलों द्वारा किया गया। समस्त अतिथियों, वरिष्ठजनों, बच्चों एवं क्षेत्रवासियों विद्यालय प्रशासन ने आभार जताया।

### सिविल अस्पताल के आसपास का अतिक्रमण हटाया गया



**नागौद।** सिविल अस्पताल नागौद के सामने अतिक्रमण कर अवैध रूप से संचालित गोमती पान ठेला वालों का अतिक्रमण आज हटाया गया मुख्यनगर पालिका अधिकारी शैलेंद्र सिंह और उनकी टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि सिविल अस्पताल के आसपास अतिक्रमण के चलते आवागमन में परेशानी हो रही थी।

# कार्यशाला में सम्मिलित हुआ अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन



नवभारत न्यूज

**कोठी 24 दिसम्बर। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग सतना द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला में अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन सतना ईकाई ने सहभागिता निभाई।**

संगठन के जिला अध्यक्ष बृजेश गर्ग अपनी कार्यकारिणी के साथ पहुंचकर आयोजित कार्यशाला में उपभोक्ताओं के जीवन से जुड़ी हितकारी विषयों और अधिकार से लोगों को अवगत कराया। कार्यशाला में उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष द्वारा बताई गई उपभोक्ताओं की मदद के लिए महत्वपूर्ण जानकारी ग्रहण की इस दौरान जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय एवं आयोग के सदस्य उमेश गिरी ने उपभोक्ताओं को समस्त जानकारी प्रदान करते हुए उपभोक्ताओं के जीवन से संबंधित सभी जानकारी बताई और कहा कि किसी प्रकार की ठगी या सेवा में कमी होने पर आप संगठन का सहारा लेकर अथवा खुद उपभोक्ता आयोग में केस दायर कर सकते हैं.

उन्होंने उपभोक्ताओं के अधिकार एवं उपभोक्ता अधिनियम की जानकारी सभी को विस्तृत रूप से प्रदान की इस दौरान अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के जिला अध्यक्ष बृजेश गर्ग सोनू, अरुण सिंह गहरवार अर्जुन सोनी मोहन प्रसाद वर्मा शंकर मिश्रा के साथ-साथ अन्य सदस्य तथा क्षेत्रीय किसान संबंधित सभी विभाग के प्रतिनिधि एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग सतना के संबंधित विभागीय कर्मचारी जन मौजूद रहे संगठन के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ अर्पित कर उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष श्यामचरण उपाध्याय का स्वागत किया उन्होंने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया



# चुरहट पहुंच कर आभार जताया

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 24 दिसम्बर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, रामपुर बाघेलान के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप सिंह के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता रोहित कांत सिंह, जनपद सदस्य विमलेश तिवारी, परीक्षित पाठक ने चुरहट पहुंचकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया से मुलाकात कर नियुक्ति के लिए आभार व्यक्त किया।

# जैन शोसल ग्रुप ने बालिका छात्रावास में छात्राओं को दिये कंबल




नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 24 दिसम्बर।** जैन समाज के समाजसेवी संस्था जैन सोशल ग्रुप व निजी फाउंडेशन की अनुकरणीय पहल जैन सोशल ग्रुप के सौजन्य से कन्या शाला अमरपाटन परिसर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को ठंड से बचने बाटे गए कंबल, इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर इस कार्यक्रम में अमरपाटन थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते थाना स्टॉफ के साथ उपस्थित हुए, जहां उनके द्वारा बालिका छात्रावास में रहने वाली छात्राओं से संवाद किया, थाना प्रभारी ने साईबर फ्रॉड से बचने की सलाह अपने परीजन व आसपास के लोगों को देने व जागरूक करने की बात छात्राओं से की, साथ ही आसपास हो रहे अपराध सम्बंधित जानकारी पुलिस को देने अपील की, पुलिस से न डरने की बात कहते हुए थाना प्रभारी ने मित्र बनने की बात कही, छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना थाना प्रभारी द्वारा करते हुए पढ़ाई में विशेष ध्यान देने की बात कही, वही इस दौरान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अशोक कुमार जैन अनुराग जैन के अलावा कन्या विद्यालय के शिक्षक अनिल सिंह नरेंद्र सिंह पीटीआई समेत समाजसेवी व पुलिस स्टॉफ मौजूद रहे।

# कुलगुरु ने ग्रामोदय गौ शाला का किया औचक निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 24 दिसंबर। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने आज कृषि कैंपस में संचालित कृषि फार्म एवं ग्रामोदय गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया।**

इस मौके पर उन्होंने कृषि फार्म और ग्रामोदय गौ शाला की गतिविधियों को देखा तथा रुचि पूर्वक जानकारी ली। प्रो. चौबे ने निरीक्षण के दौरान कृषि फार्म के निरंतर विकास हेतु कृषि नवाचारों और गौ शाला समृद्धि के लिए सुझाव तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कृषि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डी पी राय सहित संकाय प्राध्यापक एवं स्टॉफ मौजूद रहा।

### किसानों को 10 घंटे बिजली देने की मांग



**कोटर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी कोटर के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने विद्युत वितरण केंद्र कोटर एवं बिरसिंहपुर में सिंचाई वाले फीडर में किसानों को सिंचाई के लिए शासन द्वारा निर्धारित दस घंटे विद्युत प्रदाय करने की मांग की है। इस फीडर में किसानों को महज तीन चार घंटे ही विद्युत मिल पा रही है बार बार मेंटिनेंस के नाम पर लाइट बंद कर दी जाती है लेकिन इसके एवज में किसानों को विद्युत नहीं दी जाती जिस कारण किसान अपने खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे है। अधिकांशत: किसानों ने अपने पंप के बकाया बिलों को जमा कर दिया है पर विद्युत मंडल द्वारा जले ट्रांसफार्मर नहीं बदले जा रहे बिल जमा ना होने के कारण किसानों के जले ट्रांसफार्मर नहीं बदले जा रहे थे।

# क्षय रोगियों को आरसीसीपीएल ने किया पोषण किट वितरण



नवभारत न्यूज

**अमदरा 24 दिसम्बर। मैहर जिले की कलेक्टर रानी बाटड की पहल पर आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड, मैहर द्वारा इकाई प्रमुख देवेंद्र कुमार पटेल के मार्गदर्शन में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत प्रधानमंत्री क्षय मुक्त भारत अभियान के तहत अमरपाटन के सिविल अस्पताल में क्षय रोग (टीबी) से पीड़ित मरीजों के लिए पोषण किट का वितरण मासिक कार्यक्रम के दौरान किया गया और आगे भी किया जायेगा।**

यह प्रयास भारत सरकार के राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) तथा प्रधानमंत्री क्षय मुक्त भारत अभियान के अनुरूप है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाना है। पोषण किट का वितरण टीबी मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार, उपचार के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने तथा उनके शीघ्र पुनर्वास के उद्देश्य से किया गया। यह पहल विशेष रूप से उन मरीजों के लिए महत्वपूर्ण है, जो कुपोषण के कारण उपचार में कठिनाइयों का सामना करते हैं।

कार्यक्रम का समन्वय डॉ. आर. के. सतनामी, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी अमरपाटन, डॉ. सुशील गुप्ता, एमओडीसी और उनके सहयोगियों एवं कंपनी के अधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर एचआर हेड हेमंत श्रीवास्तव ने कहा कि क्षय मुक्त मैहर हमारी सामाजिक प्रतिबद्धता का हिस्सा है। पोषण किट का वितरण न केवल मरीजों के उपचार को अधिक प्रभावी बनाएगा, बल्कि समाज में टीबी के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगा। हम इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# सांदीपनी नागौद में सृजन व सृजन पत्रिका का विमोचन




नवभारत न्यूज

**नागौद 24 दिसम्बर। संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हर्षोल्लास से सृजन कार्यक्रम मनाया गया, मुख्य अतिथि विधायक नागेंद्र सिंह कार्यक्रम अध्यक्ष एस डी एम जितेंद्र वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव मनोज खरे, विद्यालय के प्राचार्य शिवपाल माझी, उपप्राचार्य रवि करण सिंह बघेल, प्रधानाध्यापक पंकज जासु के साथ-साथ विकासखंड के सभी विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।**

कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु सृजन पत्रिका विमोचन, माध्यमिक कक्षाओं में अभिभावक शिक्षक बैठक, विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान के 50 से अधिक मॉडलों का प्रदर्शन, तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन सराहनीय रहा। सृजन कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के साथ की गई।

विद्यालय के प्राचार्य शिवपाल माझी ने अपने विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में जानकारी साझा की। इसी के साथ विद्यालय की सृजन पत्रिका का विमोचन किया गया।